**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम गुरुवार को निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा० सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-06 का उत्तरालेख ।**

**प्रश्न** — उत्तर

**प्रश्न:** 6 (क) क्या बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बतायेंगें की जनपद-सिद्धार्थनगर में दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से 11 जनवरी, 2024 तक कितने कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किया गया तथा उनमें से कितने बालक एवं कितनी बालिकाएं थी?

**उत्तर:** जी हाँ। जनपद सिद्धार्थनगर में 01 अप्रैल, 2020 से 11 जनवरी 2024 तक चिन्हित कुपोषित बच्चों का विवरण निम्नवत है:-

| क० सं० | वर्ष | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च 2021 | 27920 | 27205 | 55125 |
| 2 | 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च 2022 | 21864 | 21036 | 42900 |
| 3 | 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च 2023 | 19699 | 19252 | 38951 |
| 4 | 1 अप्रैल, 2023 से 11 जनवरी 2024 | 19597 | 18339 | 37936 |

**प्रश्न:** (ख) उक्त बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने के नाम पर सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया?

**उत्तर:** जी नहीं ।

**प्रश्न:** (ग) क्या जनपद-सिद्धार्थनगर में कुपोषण से कुपोषित बच्चों के सम्बन्ध में विभाग द्वारा दी गई संख्या कमोबेश एक दशक से एक ही जैसी है और खुलेआम सरकारी धन और प्रदत्त सामग्रियों का दुरूपयोग किया जा रहा है?

**उत्तर:** जी नहीं,

जनपद सिद्धार्थनगर में अप्रैल, 2020 से अप्रैल 2021 के मध्य कुल 55,125 बच्चे कुपोषित श्रेणी में चिन्हित थे। 01 अप्रैल 2023 से 11 जनवरी 2024 के मध्य कुल 37,936 बच्चे ही कुपोषित श्रेणी में पाये गये। इस प्रकार 01 अप्रैल, 2020 से 11, जनवरी 2024 के मध्य 17,189 बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हुआ है।

**प्रश्न:** (घ) क्या उक्त की उच्चस्तरीय जाँच कराकर जाँच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे?

**उत्तर:** प्रश्न नहीं उठता।

बेबी रानी मौर्य
मंत्री।